आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–30 मार्च 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं के स्मार्ट फोन और नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में डबल इंजन की सरकार के प्रयासों को जमीनी स्तर पर साकार करने में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

प्रधानमंत्री जी ने हर आंगनबाड़ी कार्यकत्री और आंगनबाड़ी सहायिका को उनकी भूमिका को देखते हुए आपको उपाधि दी है कि यशोदा मइया ने जो भूमिका कृष्ण कन्हैया के लिये की थी वही भूमिका आज के परिप्रेक्ष्य में आपकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आंगनबाड़ी केन्द्र की नीव मजबूत कर रही है। इसके सुखद परिणाम सभी के सामने है। इस अवसर पर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आंगनबाड़ी केन्द्रों के नवीन भवनों की डिजाइन का विमोचन भी किया गया।

इस कार्यक्रम का मऊ और बस्ती सहित प्रदेश के कई जिलों में सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर विभिन्न जिलों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

****

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आज कुशीनगर दौरे पर पहुंचे। उन्होंने वहां के फाजिलनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने सरकार की पिछली नौ वर्षों की उपलब्धियों को गिनाया। श्री पाठक ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य हर व्यक्ति तक उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा पहुंचाना है।

****

वाराणसी में कल एमपी–यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लेगा। हमारे वाराणसी प्रतिनिधि ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य निवेश, निर्यात, ओडीओपी, जीआई टैग उत्पादों, पारम्परिक शिल्प और पर्यटन के क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश और मध्यम प्रदेश के बीच सहयोग को बढ़ावा देना है।

****

प्रदेश सरकार ने एक अप्रैल दो हजार छब्बीस से प्रारम्भ हो रहे नये शैक्षणिक सत्र में सभी माध्यमिक स्कूलों में सुबह की प्रार्थना सभा–मॉर्निंग एसेम्बली के दौरान समाचार पत्र पढ़ने का सत्र अनिवार्य कर दिया है। यह फैसला छात्रों में सम–सामयिक मुद्दों, सामान्य ज्ञान और पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लिया गया है।

****

जनगणना दो हजार सत्ताइस पहली अप्रैल से शुरू होगी। यह स्वतंत्रता के बाद की आठवीं और इस श्रृखंला की सोलहवीं जनगणना होगी। आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त, मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। श्री नारायण ने कहा कि पहले चरण में, घर–घर की सूची बनेगी और स्व–गणना की जाएगी।

जनगणना की तैयारियां अब अग्रिम अवस्था में पहुंच चुकी है और अब से कुछ एक दिन में ही फील्ड का कार्य प्रथम चरण प्रारंभ होने जा रहा है। जनगणना एक वृहद कार्य है। इसमें केन्द्रीय स्तर पर और राज्यों के स्तर पर संघ शासित प्रदेशों के स्तर पर विशद तैयारी चलती है, तो यह जनगणना दो चरणों में संपन्न होती है और इस बार आंकड़ों का संग्रह डिजिटल माध्यम से किया जाना है।

****

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने संसद में भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का उल्लेख करते हुए कहा कि रुपये का मूल्य बाजार से प्रेरित है और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत के व्यापक आर्थिक आधारभूत तत्व मजबूत बने हुए हैं। आज लोकसभा में रुपये के अवमूल्यन पर प्रश्नकाल के दौरान जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के आधारभूत संकेतक मजबूत हैं।

भारत की इकोनॉमी एक दम स्टॉन्ग है। हमारे फॉरन सिस्टम सिच्युएशन स्टॉन्ग है और सिस्टम डेफिसिट पांच साल में कैसे मेनटेन करते आ रहे है। इसके ऊपर पूरी दुनिया में प्रशंसा हो रही है। हमारे फॉरन एक्सचेंज रिजर्व इतना साफ बरकरार है, सॉलिड भी है। इसके कारण आज हम डॉलर की व्यवस्था को पूरी दुनिया देख रही है। हर एक इमर्जिंग मार्केट्स का इकोनॉमी के साथ भारत की तुलना में हमारे रूपया ठीक चल रहे हैं।

****

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज, कल और पहली अप्रैल को कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जतायी है। विभाग ने इस अंचल में आज और कल कहीं कहीं बिजली गिरने का येलो अलर्ट भी जारी किया है। विभाग के मुताबिक प्रदेश भर में कल कहीं कहीं तेज झोंकेदार हवाएं चलने की भी आशंका है।

****